# भारतीय संस्कृति और विरासत
# Indian Culture and Heritage
# (223)
## शिक्षक अंकित मूल्यांकन पत्र
## Tutor Marked Assignment

कुल अंकः 20
Max. Marks: 20

**टिप्पणीः** (i) सभी प्रश्नों के उत्तर देने अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

**Note:** All questions are compulsory. The marks allowed for each question are given at same place.

(ii) उत्तर पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर ऊपर की ओर अपना नाम, अनुक्रमांक, अध्ययन केन्द्र का नाम और विषय स्पष्ट शब्दों में लिखिए।

Write your name, enrolment number, AI name and subject on the top of the first page of the answer sheet.

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40–60 शब्दों में दीजिए। 2x1=2

Answer any one of the following questions in about 40-60 words.

a) हम यह कैसे ज्ञात कर सकते हैं कि हड़प्पा सभ्यता भारत की प्रथम ज्ञात नगरीय संस्कृति है? (पाठ 3 देखें)

How do we know that the Harappan Civilization is the first known urban culture of India? (See lesson 3)

b) फारसी आक्रमण का भारतीय संस्कृति पर क्या प्रभाव पड़ा? (पाठ 3 देखें)

What was the impact of Persian invasion on Indian culture? (See lesson 3)

c) अशोक की धम्मनीति ने किस तरह से लोगों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना उत्पन्न की? (पाठ 3 देखें)

How did Ashoka's policy of Dhamma bring a feeling of social responsibility among the people. (See lesson 3)

d) गुप्त काल में कौन-कौन से सांस्कृतिक विकास हुए? (पाठ 3 देखें)

What were the cultural developments during the Gupta Period? (See lesson 3)

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40–60 शब्दों में दीजिए। 2x1=2

Answer any one of the following in about 40-60 words each.

a) मध्यकालीन भारत में सड़कों के निर्माण कार्य में शेरशाह सूरी का प्रमुख योगदान क्या हैं? (पाठ 4 देखें)

What were the major contributions of Sher Shah Suri in constructing roads in medieval India? (See lesson 4)

b) दिल्ली सल्तनत के अधीन जनमानस की जीवन शैली किस प्रकार की थी? (पाठ 4 देखें)

What was the life style of the people under the Delhi Sultanate? (See lesson 4)

c) इस्लाम धर्म के कोई चार मूल सिद्धान्तों की सूची बनाइये। (पाठ 4 देखें)

List any four fundamental principles of Islam. (See lesson 4)

d) किन्हीं चार ऐसे धार्मिक कृत्यों अथवा त्यौहारों के नाम बताइये जो समयानुरूप अपने को परिवर्तित करते हुए प्राचीन काल से चले आ रहे हैं तथा आज भी हमारे द्वारा माने जाते हैं। (पाठ 4 देखें)

Name any four rituals or festivals which we perform today that have been continued from the past with necessary changes in keeping with time. (See lesson 4)

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का 40–60 शब्दों में उत्तर दीजिये। 2x1=2

Answer any one of the following in about 40-60 words each.

a) पश्चिमी विश्व के उदय ने भारत को कैसे प्रभावित किया? (पाठ 5 देखें)

How did the rise of the west leave its impact on India? (See lesson 5)

b) 18वीं शताब्दी में भारत की सामाजिक परिस्थितियां क्या थीं? (पाठ 5 देखें)

What were the social conditions prevalent in India in the 18$^{th}$ century ?

(See lesson 5)

c) सर सैयद अहमद खान ने मुस्लिम समाज के सुधार के लिए क्या-क्या प्रयत्न किये? (पाठ 5 देखें)

What efforts did Syed Ahmed Khan make to bring reforms in the Muslim society?

(See lesson 5)

d) आधुनिक भारत में समाज सुधारकों ने महिलाओं की स्थिति में सुधार लाने के लिए प्रयत्न क्यों किये?

(पाठ 5 देखें)

Why did the social reformers tried to bring reforms in the condition of women in modern India? (See lesson 5)

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का 100–150 शब्दों में उत्तर दीजिये।

Answer any one of the following in about 100-150 words each. 4x1=4

a) भारत की युवा पीढ़ी के लिए इतिहास का अध्ययन/समझ की महत्ता की तर्कसंगत व्याख्या कीजिए।

(पाठ 3 देखें)

Justify the importance of reading/ understanding History to the younger generations of India. (See lesson 3)

b) इस कथन के पक्ष में आप क्या तर्क देंगे कि सूफी आंदोलन और भक्ति आंदोलन एक ही सिक्के के दो पहलू थे?

(पाठ 4 देखें)

What arguments will you put forward in favour of the statement that Sufi movement and Bhakti movement were the two faces of the same coin? (See lesson 4)

c) यह क्यों माना जाता है कि लोक कलाओं, चित्रकला और संगीत के क्षेत्र में हुआ विकास मध्यकालीन भारत में उत्पन्न राजनैतिक परिस्थितियों का परिणाम था?

(पाठ 4 देखें)

Why is it believed that the development of folk arts, painting and music was the result of the political situation that prevailed in medieval India? (See lesson 4)

d) आधुनिक भारत के जागरण में राजा राम मोहन राय की क्या भूमिका थी? (पाठ 5 देखें)

What role did Raja Ram Mohan Roy play in the awakening of modern India?

(See lesson 5)

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का 100–150 शब्दों में उत्तर दीजिये। 4x1=4

Answer any one of the following in about 100-150 words each.

a) कल्पना कीजिये की आप प्राचीन भारत के निवासी हैं। आने वाली पीढ़ियों के लिए विरासत के संरक्षण हेतु आप क्या प्रयास करेंगे? (पाठ 3 देखें)

Imagine yourself as an inhabitant of Ancient India. What efforts would you make to preserve you heritage for the future generations to come? (See lesson 3)

b) कला के क्षेत्र में अकबर, जहांगीर तथा शाहजहां ने कलाकारों को संरक्षण प्रदान किया। इनके द्वारा दिये गये संरक्षण ने मुगल चित्रकला को क्या लाभ पहुंचाये। विस्तार से वर्णन कीजिये। (पाठ 4 देखें)

In the field of culture Akbar, Jahangir and shahjahan patronized the artist. How did this patronage benefit Mughal Paintings. Elaborate. (See lesson 4)

c) 'वास्कोडीगामा' के द्वारा भारत के समुद्री मार्ग की खोज के पश्चात भारत के बाजारों पर क्या प्रभाव पड़ा?

(पाठ 5 देखें)

What were the impacts on the markets of India after the discovery of the sea route to India by Vasco De Gama? (See lesson 5)

d) प्रेस के विकास ने भारत की आजादी के संग्राम में कैसे योगदान दिया? (पाठ 5 देखें)

How did the growth of press contribute towards India's freedom struggle?

(See lesson 5)

6. नीचे दी गई पांच परियोजनाओं की सूची में से कोई एक परियोजना तैयार कीजिए। 6X1=6

Make any one project out the list of four projects given below:

a) मध्यकालीन भारत में दो मुख्य धर्मों का प्रवेश हुआ जैसे इस्लाम और सिख धर्म। इन्होंने हमारे समाज को अत्यधिक प्रभावित किया। इसी तथ्य को ध्यान में रखकर एक आलेख तैयार करें जिसमें आप इन धर्मों की किन्हीं छः शिक्षाओं के विषय में लिखिए। इसके साथ इनके प्रसिद्ध धर्म स्थल या धर्म स्थलों के विषय में कुछ विशिष्ट जानकारी भी दीजिये।

The medieval period in Indian history saw the coming of the two important religions i.e. Sikhism and Islam. These religions have influenced our society tremendously. Keeping this in mind, make a report containing at least six teachings of those religions. Also write about their important religious places or place.

b). उत्तर वैदिक काल में धार्मिक कृत्यों में परिवर्तन आया। अब प्राचीन देवताओं का स्थान तीन देवता ब्रह्मा, विष्णु और महेश ने ले लिया। ये देवता जनमानस के जीवन और संस्कृति में आज भी छाये हुए हैं। इसी तथ्य को ध्यान में रखकर एक आलेख तैयार करें जिसमें आप कम से कम दो देवताओं से जुड़े छः मंदिर, छः त्यौहार और छः धार्मिक गान तैयार करें तथा भारत के एक मानचित्र पर यह बतायें कि ये देवता किन–किन क्षेत्रों में ज्यादा लोकप्रिय है।

In the latter Vedic age there was a change in religious practices. The place of the early Gods was now taken by the trinity of Brahma, Vishnu and Mahesh. These Gods even today occupy a very important place in our society. Keeping this in mind make a report in which at least six temples, six festivals and six devotional songs of at least two Gods be prepared. On a map of India show the areas where these gods are popular.

c) मध्यकालीन समाज में औपचारिक शिक्षा महिलाओं के लिए आवश्यक नहीं समझी जाती थी। परंतु इससे उन्हें अन्य क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने से कोई रोक नहीं सकता था। उनके द्वारा बनाई गयी वस्तुओं/चीजों की एक सूची तैयार कीजिये। साथ ही अपने नगर या शहर में जाकर देखिये की उनके द्वारा बनाई गयी वस्तुओं में से आज भी कौन सी प्रचलित है। एक रिपोर्ट तैयार कीजिये जिससे पता चले कि हमारी संस्कृति में निरन्तरता है।

Formal education was not considered very important for women during medieval society. But this did not prevent them from showing their talents in various other fields. Make a list of the creative work done by these women. Make a survey of your city/ town/ market and find out how many this creative work continued even today and make a report there is continuity in our culture

d) आधुनिक भारत में हुए सभी सुधार आंदोलन के विषय में जानकारी एकत्रित कीजिये और निम्न प्रारूप में एक परियोजना तैयार कीजिये।

Go through all the reform movements that took place in modern India and prepare a project on the following format:

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| समाज सुधारक का नाम<br>Name of the social reformer | किस क्षेत्र में सुधार किये गये<br>In which area the reform were made | सुधारों की आवश्यकता क्यों थी?<br>Why were the reform needed | किस तरह के सुधार थे<br>What were the reform | इन सुधारों के कार्यान्वयन के लिए सरकार ने क्या कानून पास किये।<br>What legislations were passed by the government to implement the reform | इन सुधारों के परिणाम स्वरूप आप समाज में आज किस तरह के परिवर्तन देखते हैं।<br>What change do you find in our society today as a result of these reform | स्वतंत्रता के बाद भारत सरकार द्वारा किस तरह के सुधार और कानून बनाये गये।<br>What further reforms and legislation have been done by the government of India after independence |